This question paper contains 4 printed pages]

HPAS (M)—2015

PSYCHOLOGY

Paper I

Time : 3 Hours *Maximum Marks :* 150

Note :— Attempt *Five* questions in all. Question No. **1** is compulsory. *All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. "Experimental and correlational designs differ in terms of how a researcher demonstrates a relationship". Elaborate this statement citing examples of the two types of design. Also enumerate the research artifacts and describe techniques for controlling them. 15,15

"प्रायोगिक और सहसम्बन्धात्मक अभिकल्प इस सन्दर्भ में भिन्न होते हैं कि कोई शोधकर्ता किसी सम्बन्ध को कैसे दर्शाता है।" दोनों प्रकार के अभिकल्पों के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए इस कथन का विशदीकरण कीजिए। शोधशिल्प-तथ्यों की संगणना भी कीजिए और उन्हें नियंत्रित करने की प्रविधियों का वर्णन कीजिए।

2. Bring out the stages of Erikson's theory of psychosocial development and explain the concept of 'active process of self-definition' during adolescence. Show how and to what extent this elegant theory of identity development has been extended recently by arriving at four identity statuses. 15,15

मनोसामाजिक विकास सम्बन्धी एरिक्सन के सिद्धान्त की अवस्थाओं को स्पष्ट कीजिए और किशोरावस्था के दौरान ''आत्म-परिभाषा के सक्रिय प्रक्रम'' की व्याख्या कीजिए। दर्शाइये कि कैसे और किस सीमा तक अस्मिता विकास का यह परिष्कृत सिद्धान्त हाल ही में चार अस्मिता संस्थितियों के नामकरण तक विस्तृत किया गया है।

3. How far it is correct to state that human retina directly reflects height and width, but depth information is lost and needs to be reconstructed by the perceiver ? Explain the cues of depth perception in this regard. 10,20

यह कहना कहाँ तक सही है कि मानव दृष्टिपटल ऊँचाई और चौड़ाई को प्रत्यक्षतः परावर्तित करता है, किन्तु गहनता सूचना लुप्त हो जाती है और उसे प्रत्यक्षकर्ता द्वारा पुनर्सृजित करना होता है ? इस सन्दर्भ में गहनता प्रत्यक्षण के संकेतों को स्पष्ट कीजिए।

4. Present an appraisal of the interference theory of forgetting and explain the concepts of response competition and unlearning. Also show why there occurs a great deal of interference when we try to maintain multiple associates to the same items. 20,10

विस्मरण के व्यतिकरण सिद्धान्त की समीक्षा प्रस्तुत कीजिए और अनुक्रिया प्रतिस्पर्धा तथा अनधिगम के सम्प्रत्ययों को स्पष्ट कीजिए। यह भी दर्शाइये कि जब हम एक ही जैसे पदों के लिए बहुत से साहचर्यों को स्मरण रखने का प्रयास करते हैं तब व्यतिकरण अधिक क्यों होता है ?

5. Describe the format and various Index Scores along with the subtests used in Wechsler Adult Intelligence Scale-IV (WAIS-IV). Also explain the method of calculating Full Scale IQ (FSIQ) and General Ability Index (GAI) and the number of subtests that comprise them. 15,15

वेश्लर वयस्क बुद्धिमापनी–IV (डब्ल्यू ए आई एस–IV) में प्रयुक्त विभिन्न सूचिका प्राप्तांकों का उपपरीक्षणों एवं आकार सहित वर्णन कीजिए। सम्पूर्ण मापनी बुद्धिलब्धि (एफ एस आई क्यू) और सामान्य बुद्धि सूचिका (जी ए आई) संगणना की विधि और उनमें प्रयुक्त उपपरीक्षणों की संख्या भी स्पष्ट कीजिए।

6. Discuss the humanistic approach to personality and show how the basic force motivating the human organism is his actualizing tendency. Also explain the concepts of real self and ideal self in this theory. 20,10

व्यक्तित्व के मानवतावादी उपागम का विवेचन कीजिए और दर्शाइये कि मानव प्राणी को अभिप्रेरित करने का मूलभूत बल उसकी स्वयंसिद्धि की प्रवृत्ति कैसे होती है ? इस सिद्धान्त में वास्तविक स्व और आदर्श स्व के सम्प्रत्ययों को स्पष्ट भी कीजिए।

7. Describe the nature and components of attitude and discuss the social judgement theory of attitude change. 10,20

अभिवृत्ति के स्वरूप एवं संघटकों का वर्णन कीजिए और अभिवृत्ति परिवर्तन के सामाजिक निर्णयन सिद्धान्त का विवेचन कीजिए।

8. Write notes on the following : 10,10,10

(*i*) Barriers in communication

(*ii*) Sampling errors and errors in sampling

(*iii*) Spontaneous recovery in conditioning.

निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(*i*) सम्प्रेषण में बाधाएँ

(*ii*) निदर्शन त्रुटियाँ एवं निदर्शन में त्रुटियाँ

(*iii*) अनुबन्धन में स्वतः पुनर्प्राप्ति।